फूलों से खेली होली

बांदनवाड़ा । भिनाय भाजपा मण्डल भिनाय का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम जतन स्मारक धाम में आयोजित हुआ। मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने बताया की कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ भारती और पंडित दिनदयाल उपाध्याय के दीप प्रज्वलित कर हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, अध्यक्षता भिनाय प्रधान सम्पत लोढा, जिला उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, भाजपा नेता कैलाश लांबा, तुलसीराम खींची, जिला उपाध्यक्ष ललित लोढा, मण्डल प्रतिनिधि ललित लोढा, पूर्व सरपंच विक्रम सिह राठौड़ रहे । मसूदा विधायक कानावत ने सभी कार्यकर्ताओं को होली की बधाई दी और होली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं के साथ फूलों से खेली होली। और कानावत ने कहा की सबको मिलकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करनी है, प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही लोककल्याणकारी योजनाओ को आमजन तक लाभ पहुंचाए। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर फूल बरसाये । कार्यक्रम में रामसुख गुर्जर, कैलाश जाट, सुरेंद्र सिंह राठौड़, देवकरण गुर्जर, नागेंद्र सिंह राठौड़, पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश जांगिड़, राजू सिंह रावत, सुरेश रायका सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

होली स्नेह मिलन समारोह व श्याम भजन संध्या सम्पन्न

अजमेर । श्री अग्रवाल सेवा संस्था, अजमेर (पूर्ववर्ती श्री अग्रवाल संघ, अजमेर) के सदस्यों का 'फागोत्सव' होली स्नेह मिलन व श्री श्याम भजन संध्या समारोह का आयोजन जनकपुरी, गंज, अजमेर में किया गया। इस आयोजन में स्नेह मिलन के साथ साथ श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश गर्ग, अशोक गर्ग एवं विशिष्ट अतिथि प्रमुख व्यवसायी कैलाश डिडवानिया तथा अध्यक्षता प्रदीप बंसल ने की। सचिव संदीप बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गर्ग, अशोक गर्ग एवं विशिष्ट अतिथि प्रमुख व्यवसायी कैलाश डिडवानिया, अध्यक्ष प्रदीप बंसल व सचिव संदीप बंसल आदि पदाधिकारियों ने श्री अग्रसेन महाराज, गणेश भगवान, बालाजी महाराज व श्री खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा व तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गर्ग, अशोक गर्ग एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश डिडवानिया ने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए एकजुट रहकर समाज सेवा के कार्यों को निरंतर करते रहने का आव्हान किया।

'फागोत्सव' होली स्नेह मिलन व श्री श्याम भजन संध्या समारोह का आयोजन जनकपुरी, गंज, अजमेर में किया गया।

कृषक प्रशिक्षण दल वाना

अजमेर । मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में राजस्थान कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्धन घोषणा के अन्तर्गत अजमेर जिले के 40 किसानों के दल 7 दिवसीय अन्तर राज्यीय कृषक प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए। ये दल केन्द्रीय बकरी अनुसंधान केन्द्र मकधुम फरह मथुरा, पं. दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंस्थान केन्द्र मथुरा के लिए रवाना हुए। योजनान्तर्गत कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र से जुड़ी नई तकनीक एवं अनुसंधान को जिले के किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से अजमेर जिले की विभिन्न पंचायत समितियों से चयनित प्रगतिशील कृषकों को अन्तर राज्यीय कृषक प्रशिक्षण गतिविधि के दौरान कृषकों को वैज्ञानिक विधि से पशुपालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कृषक प्रशिक्षण दल को संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद अजमेर संजय तनेजा तथा उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा उषा चितारा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मौके पर विभाग के उप परियोजना निदेशक कैलाश चन्द शर्मा एवं महेश वाधवानी भ्रमण प्रभारी सहायक कृषि अधिकारी भिनाय महावीर प्रसाद लखेरा, किशनगढ़ के राजेन्द्र कुमार मीणा, सहप्रभारी कैलाश चंद बैरवा एवं वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार यादव उपस्थित रहे।

क्षेत्र में विकास कार्य कराना मेरी पहली प्राथमिकता : भदेल

अजमेर । अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विधायक अनिता भदेल ने सोमवार को विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। वार्ड 46 विजय सिंह पथिक नगर स्थित शिव मंदिर के पास 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क एवं जितेन्द्र वेल्डिंग वाली गली धाननाडी में 11 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस तरह कुल 24 लाख रुपये की लागत से नए विकास कार्यों की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर विधायक भदेल ने कहा कि क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है और आगे भी यह कार्य तेजी से जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार, केंद्र सरकार के सहयोग से योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होमे कहा कि विजय सिंह पथिक नगर में विभिन्न गलियों में सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास शीघ्र ही किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विधायक भदेल का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से आमजन को राहत मिलेगी और यातायात की सुविधा बेहतर होगी। विधायक भदेल ने आमजन को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष रजनीश चौहान, क्षेत्रीय पार्षद हेमन्त सांखला, शक्ति केन्द्र संयोजक जितेन्द्र गहलोत, मण्डल महामंत्री संतोष मोर्य, गजेन्द्र कुमार, विनोद बागोरिया, मोहन राजोरिया, गौरव उपाध्याय, मनोज,सीमा गोस्वामी, श्याम तंवर, सन्नी चौहान, कपिल कुमार, प्रेमवती, गिरधारी लाल, प्रवीण, गुलाब,मोहन भारती, प्रमोद लावास, मोहन जी मंदिर वाले, कमल प्रकाश, दिलीप, राजू सोनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिवम् महाविद्यालय, प्रेमनगर, फॉयसागर रोड, अजमेर में संचालित था। उसे सत्र 2024-25 से बंद किया जा रहा है। संस्था में किसी भी व्यक्ति का किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन बाकी नहीं है। अतः कोई शिवम् महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया करता है तो संस्था इसके लिए उत्तरदायी नहीं है।

सचिव - राकेश वर्मा

सुरीले स्मार्ट सिंगर्स का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

अजमेर, (कासं)। एडमिन डी एस ओ नीरज जैन के कराओके ग्रुप सुरीले स्मार्ट सिंगर्स का होली मिलन समारोह 2025 शहर के जाने माने होटल में मनाया गया। प्रोग्राम का शुभारंभ विधिवत रूप से सरस्वती वंदना के साथ किया गया । सभी सदस्यों को गुलाल का टीका लगा कर उनका स्वागत किया गया और अंत में फूलों की होली खेली गई।

प्रोग्राम में नवीनता और विविधता लाते हुए इस बार ग्रुप के सभी सदस्यों को होली के टाइटल्स दिए गए, हर सदस्य के लिए कार्ड पे एक शायरी लिख के दी गई एवं सभी के लिए एक एक गाना डेडीकेट कर के सबको उसपे परफॉर्म करवाया गया। लजीज स्टार्स के साथ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हमेशा की तरह प्रीति जैन और शिखा शर्मा का डुएट डांस गजबन पानी ले चली रहा, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके अलावा प्रियंका चौधरी ने भी एक डांस की प्रस्तुति दी। होली के रंग में सराबोर होके श्वेता शर्मा और राजेंद्र सोनी ने जय जय शिव शंकर गाने पे लाजवाब डांस प्रस्तुति दी। डी एस ओ नीरज जैन ने कार्यक्रम में चार चांद लगाते हुए एक स्पेशल आइटम पेश किया, जिसपे सभी ने एंजॉय किया। कार्यक्रम में प्रीति जैन, कैशियर अर्चना शर्मा, कॉर्डिनेटर मनस्वी सक्सेना, राजेंद्र सोनी, महेश लौंगानी, गोपाल मगनानी, नीरज माहेश्वरी, प्रकाश सिंह पंवार, निशा पंवार, महेश सोनी, निर्मल कुवेरा, डॉ गरिमा एवं दीपक भार्गव ने एक से बढ़ कर एक होली के एवं मस्ती भरे गीत गा कर पूरा माहौल खुशनुमा कर दिया।

जल स्वालंबन अभियान आज

मसूदा, (निसं)। आयुक्तालय जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग राजस्थान जयपुर के आदेशउपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासांगिक पत्र के संदर्भ में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभ्राग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 20 अन्तर्गत ब्लॉक मसूदा में संचालित जलग्रहण परियोजना में भू-संसाधन विभाग भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार गिरते भू-जल मे सुधार जलग्रहण विकास से संबधित गतिविधिया हेतु जनजागरण के लिये जलग्रहण यात्रा कार्यकम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम में जिले में परियोजना क्षेत्र में स्थित पंचायत समिति मसूदा मे ग्राम पंचायत देवमंगरी में 18 मार्च को प्रातः 9:30 बजे से 12:30 बजे व नासून में दोपहर 2:30 बजे 5:30 बजे राज्य स्तर से जलग्रहण रथ का आगमन रहेगा।

होली स्नेह मिलन व रोजा इफ्तार में पहुंचा जन समूह

डीडवाना । अपनायत की परंपरा की मिसाल हर साल देखने को मिलती है। रविवार को निर्दलीय विधायक यूनुस खान का जन सेवा केंद्र, साल्ट रोड, डीडवाना एक बार फिर होली मिलन में स्नेह के रंग व रोजा इफ्तार में देश की तरक्की, अमन, भाईचारे की दुआओं का साक्षी बना डीडवाना में रविवार की सामाजिक सौहार्द की बेमिसाल नजीर देखने को मिली। डीडवाना विधायक पूर्व मंत्री यूनुस खान की तरफ से आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम व रोजा इफ्तार प्रोग्राम के दौरान बड़ी संख्या में अपार जन समूह पहुंचा प्रदेश के हर क्षेत्र से आए मेहमानों व नागौर डीडवाना के लोगों ने होली स्नेह मिलन समारोह में भाग लिया तो वही शाम को इफ्तार के बाद देश में अमन चैन की दुआएं मांगी गई।

क्षेत्रीय विधायक यूनुस खान ने रविवार को अपने निज आवाज विधायक जन सेवा केंद्र पर होली मिलन व रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमे क्षेत्र के हजारों लोगों ने शिरकत कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया । इस मौके पर शेखावाटी संस्कृति मंच के कलाकारों द्वारा चंग की थाप पर होली गायन व नृत्य पेश किया। वहीं खाटू श्यामजी के मशहूर गायक कल्याण सिंह पालावत व डीडवाना के संगीत कला मंच के सदस्यों ने भी शानदार प्रस्तुति से आए हुए मेहमानों का मन मोह लिया। बंगला बास के कलाकारों ने होली स्वांग के कार्यक्रम पेश किए। कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक खान ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि डीडवाना की संस्कृति और परंपरा रही है कि यहां सभी लोग प्यार व स्नेह से मिलकर रहते हैं। जैसे अभी कुंभ का संगम हुआ वैसे ही डीडवाना में यह संगम है, रमजान की इफ्तारी और होली के स्नेह मिलन पर मेरी तरफ से सभी को शुभकामनाएं हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति एक है, जातियां, धर्म पंत भिन्न हैं मगर सभी भारतीय एक हैं। इसी एकता के बल पर भारत विश्व गुरू बनेगा।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/ दिनांक :- 12/03/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 44/2024-25

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से 8 विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 561.72 लाख की ई-निविदा क्र.सं. 1 से 6 व 8 के कार्यों हेतु दिनांक 24.03.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2425SSOB00249-254, 256-257

राज.संवाद/सी/24/13235 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक- न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2025/795 **आम सूचना** दिनांक : 12.03.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 304 / 3 में भूखण्ड का क्षेत्रफल 66.67 वर्गगज का मिश्रीत पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन प्रकरण विचाराधीन है। अतः निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां / कारण / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें ।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं	क्षेत्रफल रकबा भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री मनीष सैनी पुत्र श्री कुन्दन मल सैनी निवासी ब्रिज विहार कॉलोनी जोन्स स्कूल के पास मदनगंज किशनगढ	मदनगंज 304/3	क्षेत्रफल 66.67 वर्गगज	मिश्रित

आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़ ।

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में नि:शुल्क कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित

अजमेर । महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र एवं आदिनाथ कैंसर मेडिसिटी हॉस्पिटल, अजमेर के संयुक्त तत्वाधान में आज एक नि:शुल्क कैंसर जागरूकता, चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी द्वारा किया गया।

कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने कहा कि कैंसर रोग के प्रमुख कारणों में अनियमित खान-पान और अस्त व्यस्त जीवनशैली शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम, शुद्ध शाकाहार, प्रदूषण मुक्त और तनाव रहित जीवनशैली कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि वे राज्य स्कूली पाठ्यक्रम निर्माण समिति के संयोजक के रूप में स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ी में इस रोग के कारण एवं बचाव के उपायों के प्रति जागरूकता बढ़े।

कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम ऑंकोलॉजिस्ट डॉ. मुकुंद के.एन. ने कैंसर के कारणों और उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कैंसर का उपचार प्रारंभिक अवस्था में किया जाए तो इसका इलाज संभव है। इसके अतिरिक्त, डॉ. मुकुंद ने तंबाकू, शराब, धूम्रपान और बढ़ते शारीरिक वजन को कैंसर के प्रमुख कारणों के रूप में बताया। उन्होंने लोगों से शुद्ध आहार और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। आदिनाथ कैंसर मेडिसिटी के निदेशक डॉ. अमित शास्त्री ने अस्पताल की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार की चिकित्सा योजना के तहत कैंसर का इलाज निशुल्क प्रदान किया जाता है और रोगी के तीमारदार के रहने की व्यवस्था भी निशुल्क की जाती है। उनका उद्देश्य अजमेर में कैंसर रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि किसी भी रोगी को आर्थिक कारणों से इलाज से वंचित न रहना पड़े। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रिया भार्गव ने इस अवसर पर शुद्ध आहार और ताजे भोजन के लाभों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि घर की किचन से बना शुद्ध ताजा भोजन अधिक लाभकारी होता है, जबकि विदेशी कंपनियों द्वारा भेजे गए खाद्य पदार्थों की शुद्धता की कोई गारंटी नहीं होती है। उन्होंने यह भी बताया कि अधिक आर्थिक लाभ के कारण किसान और कंपनियां हानिकारक रसायनों का उपयोग करती हैं।

साधारण सभा सम्पन्न

अजमेर । अजमेर श्री 1008 महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव आगामी 10 अप्रेल, 2025 को पूरे भारतवर्ष में बडी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी श्रृंखला में अजमेर में भी10 अप्रेल को मनाया जायेगा ।

मंत्री सुशील चन्द गदिया ने बताया कि 16 अप्रेल, 2025 को सेठसा साहब की नसियांजी में एक साधारण सभा रात्रि 8 बजे अध्यक्ष हेमन्त जैन पांड्या के निर्देशन में णमोकार महामंत्र के जाप से प्रारंभ हुई । प्रवीण जैन ने पिछले वर्ष का आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया, साधारण सभा में पास हुआ तथा आगामी 10 अप्रेल, 2025 को होने वाली महावीर जयन्ती जुलूस के पश्चात सकल जैन समाज का सामूहिक वात्सल्य भोज पर रूपरेखा रखी गई है और यह निर्णय पारित हुआ कि सामूहिक वात्सल्य भोज होटल मेरवाडा एस्टेट भागचंदजी की कोठी पर आयोजित किया जाए। सबने करतल ध्वनि से प्रस्ताव पारित किया।

ग्राम कीटाप को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

बान्दनवाडा, (निसं)। राजस्थान में पंचायतों के पुनर्गठन के दौरान अजमेर जिले के भिनाय पंचायत समिति के तीन गांवों ने नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग की है। कीटाप, सूरजपुरा व बगराई को मिलाकर नयी कीटाप ग्राम बनाने की मांग की है। कीटाप ग्राम निवासियों ने भिनाय एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी है।ग्रामीणों का कहना है कि 2011 की जनगणना के अनुसार इन तीनों गांवों की कुल आबादी 2598 से अधिक है। वर्तमान में ये गांव कुम्हारिया ग्राम पंचायत का हिस्सा हैं। ग्रामीणों ने दावा किया है कि उनके गांव राज्य सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग द्वारा 10 जनवरी 2025 को जारी किए गए आदेश के सभी प्रावधानों को पूरा करते हैं। एडवोकेट देवकांत व्यास ने बताया कि भिनाय पंचायत समिति में वर्तमान में 25 ग्राम पंचायतें हैं। राज्य सरकार ने 20 जनवरी से 15 अप्रैल के बीच पंचायत राज संस्थाओं के पुनर्गठन का कार्य निर्धारित किया है। इस दौरान नई ग्राम पंचायतें और पंचायत समितियां बनाई जाएंगी, साथ ही मौजूदा पंचायत राज संस्थाओं की सीमाओं में भी परिवर्तन किया जाएगा। इस बार सरकार ने जनसंख्या और दूरी के पुराने मापदंडों में छूट प्रदान की है।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1711 दिनांक 17.3.25

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/187, दौराई, अजमेर श्री सोहन लाल जैन पुत्र श्री कंवरी लाल जैन को आवंटित कर दिनांक 13.04.1994 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री सोहन लाल जैन पुत्र श्री कंवरी लाल जैन द्वारा दिनांक 21.01.2009 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री सोहन लाल जैन पुत्र श्री कंवरी लाल जैन द्वारा आवास का बैचान श्रीमती मीनाक्षी परमार पत्नि श्री नवल सिंह परमार को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती मीनाक्षी परमार पत्नि श्री नवल सिंह परमार के पक्ष में दिनांक 25.03.2011 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती मीनाक्षी परमार पत्नि श्री नवल सिंह परमार द्वारा मुख्त्यारनामा आम श्री नरपत सिंह रावत पुत्र श्री बीरम सिंह रावत के पक्ष में निष्पादित किया गया। मुख्त्यारनामा आम के आधार पर श्री नरपत सिंह रावत पुत्र श्री बीरम सिंह रावत द्वारा स्वयं के पक्ष में दिनांक 21.02.2025 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 2286 में पृष्ठ संख्या 95 क्रम संख्या 202503001101509 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 6138 के पृष्ठ संख्या 58 से 69 पर दिनांक 21.02.2025 को चस्पा किया गया। अब श्री नरपत सिंह रावत पुत्र श्री बीरम सिंह रावत ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री नरपत सिंह रावत पुत्र श्री बीरम सिंह रावत का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी ।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड - अजमेर

NAME CHANGE

I, SHREENIBAS SETHI Father of No. 15153140P RANK- HAV (DMT) Name- SARAT CHANDRA SETHY residing of Vill- Banamali Pur (Majipada), Post- Banamali Pur, Tehsil- Dhanamandal Dist- Jaj Pur, State- Odisha, Pin-755008 have changed my name from SRINIBAS SETHY to SHREENIBAS SETHI Vide Affidavit Date-15/03/2025 Before Court Nasirabad

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी न. JC-290858Y रैंक-SUB नाम-ALEX EJ है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम ASHA ALEX दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम ASHA ANTONY से जाना जाये ।

न्यायालय तहसीलदार रूपनगढ जिला-अजमेर

क्रमांक / भू.अ./2025/1193 दिनांक:- 12.03.2025

-: आम सूचनाः-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक वसीयतकर्ता खातेदार श्री रामदेव पुत्र सूरजमल जाति खटीक निवासी 592, रामपुरा लाम्बा अराई तहसील अराई हाल निवासी क्वाटर नं टी-2, रमेश मार्ग, सी - स्कीम जयपुर द्वारा प्रार्थीयां श्रीमति इन्द्रा देवी पत्नि धर्मराज ग्राम उरसेवा पटवार सिनोदिया तहसील दूदू जिला जयपुर मे निष्पादित अपंजीकृत वसीयत (नोटेरी प्रमाणित) दिनांक 01. 11.2021 के आधार पर ग्राम रूपनगढ़ तहसील रूपनगढ़ के ख0न0 3622 / 1598 रकबा 1.6665 है0 सम्पूर्ण व ख0 नं0 1686/2533 रकबा 0.5420 है0 मे हि0 3/8, खसरा नम्बर 1687 रकबा 0.4449 है0 व खसरा नम्बर 1688 रकबा 2.5159है0 मे हि0 3/4 भूमि पर वसीयत ग्रहिता श्रीमति इन्द्रा देवी पत्नि धर्मराज ग्राम उरसेवा पटवार सिनोदिया तहसील दूदू जिला जयपुर के नाम नामान्तकरण खोलने बाबत प्रकरण सं0 02/2025 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(2) के अन्तर्गत इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

उपरोक्त ठ्ठाम रूपनगढ़ तहसील रूपनगढ के ख0न0 3622/ 1598 रकबा 1.6665 है0 सम्पूर्ण व ख0 नं0 1686/2533 रकबा 0.5420 है0 मे हि0 3/8, खसरा नम्बर 1687 रकबा 0.4449 है0 व खसरा नम्बर 1688 रकबा 2.5159है0 मे हि0 3/4 भूमि का अपंजीकृत वसीयत (नोटेरी प्रमाणित) दिनांक 01.11.2021 के आधार पर वसीयतकर्ता खातेदार श्री रामदेव पुत्र सूरजमल जाति खटीक निवासी रामपुरा लाम्बा अराई तहसील किशनगढ के स्थान पर वसीयतठाहीता श्रीमति इन्द्रा देवी पत्नि धर्मराज ठ्ठाम उरसेवा पटवार सिनोदिया तहसील दद जिला जयपुर के नाम नामान्तरकरण खोले जाने के संबंध मे किसी व्यक्ति / वसीकतकर्ता के वारिसान को कोई उजर/ऐतराज हा ता इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिन गुजरने की अवधि मे कार्यालय तहसीलदार रूपनगढ मे कार्यालय समय मे उपस्थित होकर अपना उजर / ऐतराज मय साक्ष्य / सबूत के प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के बाद प्रस्तुत होने वाले ऐतराज स्वीकार नही किये जायेगे।

तहसीलदार (भू.अ.) रूपगढ, जिला-अजमेर

रैगर समाज का गैर नृत्य धूमधाम के साथ सम्पन्न

अजमेर (कासं)। रैगर समाज का गैर नृत्य हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ खेला गया, जिसमें रैगर समाज की महिलाओ पुरुषों व बच्चो ने गैर नृत्य कर आनंद लिया। गैर नृत्य कमेटी के अध्यक्ष कीर्तन खेतावत ने समरोह के मुख्य अतिथि फूलचंद बालोटिया का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

सर्व श्री रेगरान पंचायत चारों बारी संस्था अजमेर के अध्यक्ष अरविन्द धोलखेड़िया ने बताया की गैर नृत्य

- सांग भरकर आये काली माता प्रथम
- इच्छाधारी नागिन द्वितीय व श्रीकृष्ण भगवान तृतीय स्थान पर रहे

प्रस्तुत करने वाले 145 लोगों को मुख्य अतिथि फूलचंद बालोटिया के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया, जिसमें अलग अलग सांग भर कर आने को नगारे डोल झांझ बजाने वाले को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में मदनलाल खेतावत, मूलचंद गोल दुकान वालो व भामाशाह राजेश खेतावत को साफा पहनाकर स्वागत किया। यह रैगर समाज का बहुत प्राचीन व प्रसिद्ध गैर नृत्य है। यह नृत्य समाज द्वारा फाग महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उक्त कार्यक्रम से समाज के लोगों में एकता भाईचारे का संदेश पहुंचता है, एक दूसरे के प्रति समर्पित रहते है तथा समाज की सांस्कृति से ही समाज जीवित रहता है। मुख्य अतिथि फूलचंद बालोटिया ने संबोधन में कहा कि आज के दौर में हमारे समाज की प्राचीन संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज के बच्चो को जानकारी मिल सके तथा समाज के रीती रिवाज से अवगत कराया जाना चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को जानकारी मिल सके। बच्चो को पढाई जरूर करनी चाहिए, जिससे हमारे अधिकारों के लिए हक ले सके समाज के लोगो को व्यापार करने में भी पीछे नहीं रहे।

गैर नृत्य में काली माता का सांग भर आये प्रथम स्थान अशोक खेतावत को, द्वितीय ईनाम ईच्छा धारी नागिन का सांग भर कर आये धनराज सुकरीया व तृतीय स्थान श्री कृष्ण भगवान का सांग भर के आये गणपत कजोतिया को मिला।

रैगर समाज की महिलाओं पुरुषों व बच्चों ने गैर नृत्य कर आनंद लिया।

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी जायल (नागौर)

क्रमांक-216 दिनांक. 17.03.2025

खुली निविदा सूचना

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीनस्थ संस्थानों पर वाटर डीस्पेन्सर विथ आरओ के लिए रजिस्टर्ड व्यक्तियों / फर्मो/ सेवा प्रदाताओ से खुली निविदाये आमंत्रित की जाती है । जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	संभावित व्यय (लाखों में)	बयाना राशि (rs)	निविदा प्रपत्र शुल्क	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथी व समय	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथी व समय	निविदा शुल्क, धरोहर राशि व निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथी व समय	तकनीकी बिड खोले जाने की तिथी व समय
1	वाटर डिस्पेन्सर विद आरओ	8.00	16000	500	17.03.2025 11.00 एम	26.03.2025 01.00 पीएम	26.03.2025 02.00 पीएम	26.03.2025 05.00 पीएम

NIB No. - MHS2425A3892 BID No. - MHS2425GSOBO5532

अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निविदा प्राप्त करने व खोलने के समय में विषिष्ट परिस्थितियों में बदलाव किया जा सकता है। किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षर का होगा। बिना धरोहर राषि, निविदा प्रपत्र शुल्क व देरी से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा का विस्तृत विवरण http://sppp/rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखा जा सकता है।

राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013, GF&AR के सभी नियम व शर्ते मान्य होगी। उपरोक्त राशि तथा आवश्यक मूल दस्तावेज निविदादाता द्वारा 26.03.2025 को 02.00 पीएम तक बन्द लिफाफे में जमा करवाना आवष्यक है।

खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जायल (नागौर)

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी जायल (नागौर)

क्रमांक- 215 दिनांक. 17.03.2025

खुली निविदा सूचना

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी जायल में उप केन्द्रों पर परीक्षण मेज सप्लाई करने के लिए रजिस्टर्ड व्यक्तियों / फर्मो / सेवा प्रदाताओं से खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हे। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | संभावित व्यय (लाखों में) | बयाना राशि (rs) | निविदा प्रपत्र शुल्